<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–01 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आगामी जनगणना में जातीय जनगणना को भी शामिल करने का लिया फैसला, भाजपा और कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने सरकार के निर्णय का किया स्वागत।
- कैबिनेट ने गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तीन सौ पचपन रुपये प्रति क्विंटल करने को भी दी स्वीकृति, प्रदेश के गन्ना किसानों ने जताई खुशी।
- आज लखनऊ आएंगे उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल के जीवन वृतांत पर आधारित किताब का करेंगे विमोचन।
- गोरखपुर के दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कहा–कार्ययोजना बना कर विश्वविद्यालय को ग्लोबल रैंकिंग में दिलाएं स्थान।
- देश के पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स का आज मुंबई में उद्‌घाटन करेंगे प्रधानमंत्री।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में राजनीतिक कार्य समिति ने आगामी जनगणना में जाति गणना को सम्मिलित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

**हमारा सामाजिक तानाबाना राजनीति के दबाव में न आए। जातियों की गणना एक सर्वे के स्थान पर मूल जनगणना में ही सम्मिलित होनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि समाज आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत होगा और देश की प्रगति भी निर्बाध चलती रहेंगी।**

गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान, बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत देश भर के कई प्रमुख नेताओं ने केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले को अभूतपूर्व बताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस फैसले को ऐतिहासिक बताया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चीनी सत्र दो हजार पचीस छब्बीस के लिए तीन सौ पचपन रुपये प्रति क्विंटल की दर से गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य तय करने को भी स्वीकृति दी। श्री वैष्णव ने कहा कि इस निर्णय से पांच करोड़ गन्ना किसानों के साथ–साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत पांच लाख श्रमिकों को भी लाभ होगा।

केंद्रीय कैबिनेट के इस फैसले पर प्रदेश के गन्ना किसानों ने खुशी जताई है। जौनपुर के गन्ना किसान राकेश यादव ने इस फैसले को किसानों के हित में बताया।

**मोदी सरकार ने गन्ना किसान भाइयों के लिए जो है बड़ी सौगात दी है और गन्ना की खेती का, जो ये प्रति क्विंटल के 355 की प्रति क्विंटल की जो रेट दिया है, ये किसान भाइयों के लिए एक बड़ा सौगात है, जिससे की अगर जो किसान भाई बेचेंगे, मुनाफा होगा।**

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज एक दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। वह डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित किताब 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और स्वामी चिदानंद सरस्वती बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

**********

कुशीनगर में कल केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और केन्द्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी ने प्रदेश के चार सौ पचासवें डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए सरकार ने पासपोर्ट सेवा को पोस्ट ऑफिस सेवा से जोड़ दिया है।

**हम लोगों ने इसमें डिजीटाइजेशन कर दिया है, हर तरह के आसानी कर दी है कि जनता को दूर दूर भटकना न पड़े और इस सारी चीजों का भी हम लोग मन से डिटेल में जनता के सामने भी और आप लोगों के सामने रखेंगे कि किस तरह से हमारी सरकार पासपोर्ट सेवा को आसान करने के लिए, सुलभ करने के लिए जनता के लिए कितने महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।**

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, सांसद विजय दुबे और जगदम्बिका पाल समेत विदेश मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**********

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कल कानपुर पहुंच कर पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला देश के भाईचारे और सद्भाव पर गहरी चोट है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के लिए विशेष संसद सत्र रखा जाए, जिसमें इस मामले पर चर्चा हो सके।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर में दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की हीरक जयंती समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को अपनी पचहत्तर वर्षों की शानदार यात्रा का मूल्यांकन करते हुए आगामी पचीस वर्षों के लिए कार्ययोजना बनानी चाहिए। यह कार्ययोजना ऐसी हो जिससे विश्वविद्यालय ग्लोबल रैंकिंग में स्थान हासिल कर अपनी वैश्विक पहचान बना सके।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक हजार पांच सौ लोगों की क्षमता वाले ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ प्रेक्षागृह का शिलान्यास भी किया। उन्होंने तैंतालिस करोड़ दस लाख रुपये की लागत वाले इस प्रेक्षागृह का निर्माण अठारह माह में पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के विशिष्ट पुरातन छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही हीरक जयंती द्वार का शिलान्यास, विशेष स्मारिका का विमोचन और विशेष स्मृति सिक्कों का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा उन्होंने हीरक जयंती स्पोर्ट्स स्टेडियम के शिलापट्ट का अनावरण किया।

समारोह को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन और सदर सांसद रवि किशन ने भी सम्बोधित किया।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से मुंबई में शुरू हो रहे चार दिवसीय विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन वेव्स दो हजार पचीस का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करेगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट

**चार दिनों तक चलनेवाले, इस सम्मेलन में, दुनिया भर के क्रिएटर्स, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत के दिग्गज और नीति निर्माता भाग लेंगे। यह सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार क्षेत्र में, एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में, महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 90 से अधिक देशों के, दस हजार से अधिक प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस सम्मेलन का लक्ष्य 2029 तक भारत में 50 बिलियन डॉलर का बाजार खोलना है, ताकि वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में, भारत अपनी एक अलग पहचान बना सके। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, मुंबई**

समिट के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में फाइनल्स में जगह बनाने वाले प्रदेश के क्रिएटर्स भी मुबंई के लिए रवाना हो गए। क्रिएट इन इंडिया चौलेंज में दूसरा स्थान हासिल करने वाली लखनऊ की श्वेता चौधरी ने कहा कि वह इस आयोजन को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

**आई एम वेरी एक्साइटेड फॉर दिस, और यहाँ पे हमें बहुत। अच्छे ऑप्शन्ज मिलेंगे, आगे ऑपर्च्युनिटीज मिलेंगी सो आई होप की।हम अच्छे से हमारा ये सफल रहे ये पूरा हमारा इवेंट। एंड बस अब हम जा रहे है अपने मंजिल की तरफ।**

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल गौतम बुद्ध नगर जिले में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इससे पहले अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्होंने इस परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके तहत उड़ान संचालन की अंतिम समय सीमा शीघ्र घोषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ–साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

**********

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर कल उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खोल दिए गए हैं। इसके साथ ही चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्राथमिकता वाले गोरखपुर के वनटांगिया गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स गोरखपुर ने कल विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस शिविर में पहुंचे गोरखपुर के सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि इस गांव में शीघ्र ही स्वास्थ्य उपकेंद्र की भी स्थापना की जाएगी। एम्स गोरखपुर के सहयोग से वनटांगिया गांव में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के साथ साथ सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों पर अध्ययन भी किया जा रहा है।

**********